# तृतीय भाषा हिंदी

# 9 वीं कक्षा सेतुबंध साहित्य

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वर वर्णों की कसरत कर वर्णों का परिचय प्राप्त करते हैं। | स्वर वर्ण | अइ, आओ, उऋ, ऐअ, ईऔ, ओइ, औऋ, ऊइ आदि जैसे भिन्न-भिन्न स्वर वर्णों को एक साथ चमक कार्ड पर लिखकर पढ़ना।<br>(उपर्युक्त गतिविधि का उद्देश्य केवल स्वर वर्णों की कसरत करवाना है)<br>**भाषा कौशल:-**लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. स्पष्ट लेखन<br>३. सही उच्चारण ४. समग्र प्रस्तुती | • प्रत्येक छात्र को क्रिया-कलाप करने हेतु प्रेरित करना।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• स्वर वर्णों से शब्द लिखकर पढ़ना।<br>जैसे : अ = अनार<br>आ = आम |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 2 | वर्णों की समझ को जाँचना। | वर्णमाला | शब्द में निहित स्वर तथा व्यंजन वर्णों को अलग-अलग लिखकर वर्ण विच्छेद कीजिए।<br>जैसे : आदमी<br>(आ+द्+अ+म्+ई)<br>**भाषा कौशल:**-लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. स्पष्ट लेखन<br>३. वर्णों का ज्ञान ४. समग्र प्रस्तुती | • छात्रों के लिए अपनी कक्षा के अनुरूप शब्दों की संख्या तय करें।<br>• प्रत्येक छात्र को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्रेरित करना है। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 3 | व्यंजन वर्णों की कसरत कर वर्णों का परिचय प्राप्त करते हैं। | व्यंजन वर्ण | बक, नग, दथ, क्षढ, रज, णख, चफ, ट्व आदि जैसे भिन्न-भिन्न व्यंजन वर्णों को एक साथ चमक कार्ड पर लिखकर पढ़ना।<br>(उपर्युक्त गतिविधि का उद्देश्य केवल स्वर वर्णों की कसरत करवाना है)<br>**भाषा कौशल:**-लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. स्पष्ट लेखन<br>३. सही उच्चारण ४. समग्र प्रस्तुती | • छात्रों के प्रयत्न को सराहने का प्रयास करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• व्यंजन वर्णों से शब्द लिखकर पढ़ना।<br>जैसे : क = कमल<br>ख = खरगोश |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 4 | शब्दों की समझ को जाँचना। | शब्द भंडार | वर्णों को सही क्रम में जोड़कर उचित शब्द लिखिए।<br>जैसे : बूकरत = कबूतर<br>यलद्यावि = विद्यालय<br>**भाषा कौशल:**-लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. शब्द ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | • अध्यापक प्रत्येक छात्र के लिए एक से अधिक शब्दों का कार्य देने का प्रयास करें। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 5 | सार्थक शब्दों से अवगत होते हैं। | शब्द भंडार | **निम्नलिखित शब्दों के वर्णों को सही क्रम में जोड़करउचित शब्दलिखना।**<br>(लगो, लीमा, वभा, लरस, बाइलमो, लफू, नका, नीपा, खपं, दसंप, नमास, बंरद, कलबा)<br>**भाषा कौशल:**-लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. शब्द ज्ञान<br>३. सही उच्चारण ४. समग्र प्रस्तुती | • अध्यापक संदर्भानुसार अपने छात्रों के लिए और अधिक शब्दों को जोड़कर गतिविधि को पूर्ण करवाने का प्रयास करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• परिचित शब्दों की सूचि तैयार करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 6 | अभिव्यक्ति की क्षमता को परखना। | मौखिक अभिव्यक्ति | 'मेरी पाठशाला' विषय से संबंधित अपने विचार प्रकट कीजिए।<br>**भाषा कौशल:-**बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. निरंतरता<br>३. भाषा ज्ञान ४. समग्र प्रस्तुती | • सभी छात्रों को गतिविधि में भाग लेने हेतु प्रेरित करें। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 7 | शब्द उच्चारण की क्षमताको जाँचना। | वाक्य पठन | वाक्यों का वाचन कीजिए।<br>जैसे : १. रोहन खेलता है।<br>२.जो लोग भारतीय होते हैं वे संस्कारी होते हैं।<br>३. आयुष आया और आते ही खेलने लगा।<br>४. आप क्या खाना पसंद करेंगे ?<br>५. अरे ! तुम लोग कब पहुँचे ।<br>६. शायद वह अभि तक नहीं पहुँचा है।<br>७. अगर तुम परिश्रम करते तो सफल हो जाते।<br>८. कृपया शांति बनाये रखें।<br>**भाषा कौशल:-**पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. शुध्द उच्चारण<br>३. उचित गति ४. समग्र प्रस्तुति | • अध्यापक अपनी कक्षा के अनुरूप और अधिक वाक्यों को जोड़ते हुए क्रिया-कलाप करवा सकते हैं। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 8 | सुनकर लिखने की क्षमता को परखना। | श्रुतलेख<br>Dictation | मात्रायुक्त शब्दों को सुनकर लिखिए।<br>जैसे : बीदर, कावेरी, अक्कमहादेवी, कनकदास, बेंगलूरु, कलबुरगी, तिम्मक्का, बंदर आदि।<br>**भाषा कौशल:-**सुनना, लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. ध्यानपूर्वक सुनना<br>३. सुनकर लिखना ४. समग्र प्रस्तुती | • इस गतिविधि में और अधिक शब्दों का समावेश करने का प्रयास करें।<br>• प्रत्येक छात्र को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्रेरित करें। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 9 | विराम चिह्नों से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हैं। | विराम चिह्न | **जोड़कर लिखिए।**<br>1. अल्प विराम ( )<br>2. अर्ध विराम ?<br>3. पूर्ण विराम " "<br>4. प्रश्न चिह्न -<br>5. भावसूचक चिह्न ,<br>6. योजक चिह्न :-<br>7. उध्दरण चिह्न !<br>8. कोष्ठक चिह्न ;<br>9. विवरण चिह्न ।<br>**भाषा कौशल:**-लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह<br>२. विषय ज्ञान<br>३. उचित विराम चिह्नों का प्रयोग<br>४. समग्र प्रस्तुती | • छात्रों की आवश्यकता के अनुसार अध्यापक विराम चिह्नों को समझने में उचित मार्गदर्शन दें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ किसी गद्य को पढ़कर उसमें आनेवाले विराम चिह्नों की सूचि बनाना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 10 | गद्य को पढ़कर समझने की क्षमता को जाँचना। | गद्य वाचन | गद्य साहित्य से संबंधित किसी एक पृष्ठ को पढ़कर उसके अर्थ को बताइए।<br><br>जैसे : कहानी, जीवनी, आत्मकथा, निबंध, उपन्यास, रेखाचित्र, एकांकी, व्यंग्य साहित्य आदि विधाओं से संबंधित किसी एक पृष्ठ का वाचन कर अर्थ बताना।<br>**भाषा कौशल:**-पढ़ना, बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. स्पष्ट वाचन<br>३. अभिव्यक्ति ४. समग्र प्रस्तुती | • छात्रों को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।<br><br>• छात्रों को स्वयं पृष्ठ चयन करने का अवसर दें। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 11 | हिंदी संख्याओं को लिखकर पढ़ने की क्षमता को अर्जित करते हैं। | गिनती | (१,२,३,४,५,६,७,८,९,०) **संख्य्याओं को आपस में जोड़कर एक से सौ तक की गिनती लिखना।**<br>▪ लिखित संख्याओं को सस्वर पढ़कर अभ्यास करना।<br>**भाषा कौशल:-**सुनना, लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. संख्याओं का वाचन<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | • सभी छात्रों को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्ररित करना।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ एक से सौ तक की गिनती को वर्णों में चार्ट पर लिखकर प्रस्तुत करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 12 | विलोम शब्दों से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हैं। | विलोम शब्द | **निम्नलिखित कविता को पढ़कर उसमें निहित विलोम शब्दों की तालिका बनाइए।**<br>दिन-रात मेहनत करूँ,<br>माँ-बाप का नाम रोशन करूँ।<br>पाप-पुण्य के इस संसार में,<br>सत्य का पालन करूँ॥<br>सुबह-श्याम पेड़ों की रक्षा करूँ,<br>पर्यावरण को बचाने का प्रयास करूँ।<br>धरती हमारी प्यारी है,<br>जीवन के लिए परोपकारी है॥<br>शिक्षा से ही संसार को समझना है,<br>गरीब-अमीर के स्तर को कम करना है।<br>अपने आपको साबित करना है,<br>देश के लिए बहुत कुछ करना है॥<br>दिन-रात मेहनत करूँ............<br>**भाषा कौशल:-**लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. विलोम शब्दों का ज्ञान<br>३. शब्द भंडार ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ अध्यापक क्रिया-कलाप की कविता को श्यामपट या चार्ट पर लिखकर छात्रों के सम्मुख प्रस्तुत करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ खुली किताब क्रिया-कलाप के द्वारा और अधिक विलोम शब्दों की तालिका बनाने के लिए कहें। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 13 | पर्यायवाची शब्दों से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हैं। | पर्यायवाची शब्द | छात्रों की संख्या के अनुरूप अध्यापक प्रत्येक छात्र के लिए एक शब्द लिखकर पर्ची तैयार करेंगे। छात्र अपने पसंद की किसी भी पर्ची को उठाकर उस शब्द से संबंधित पर्यायवाची शब्द बताने का प्रयास करेंगे।<br>**भाषा कौशल:-**बोलना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. विषय ज्ञान<br>३. पर्ची का चयन ४. समग्र प्रस्तुती | • सभी छात्रों को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्ररित करें।<br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ किसी गद्य को पढ़कर उसमें आनेवाले नये शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 14 | वचन संबंधि नियमों से अवगत होते हैं। | वचन के नियम | 1. आकारांत के पुल्लिंग एकवचन शब्दों में 'आ' के स्थान पर 'ए' लगाकर बहुवचन रूप लिखिए।<br>जैसे : लड़का = लड़के<br>कौआ, गोरया, मुर्गा, बेचारा, वादा, बच्चा, आदि।<br>2. स्त्रीलिंग बहुवचन के शब्दों में 'याँ' के स्थान पर 'या' लगाकर एकवचन रूप लिखिए।<br>जैसे : चिडियाँ = चिडिया<br>बिंदियाँ, डिबियाँ, बुढियाँ, कुतियाँ, चुहियाँ आदि।<br>**भाषा कौशल:**-पढ़ना, लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. विषय ज्ञान<br>३. पर्ची का चयन ४. समग्र प्रस्तुती | **अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ वचन की परिभाषा, अर्थ तथा वचन संबंधि अन्य नियमों का परिचय दें।<br>▪ वचन संबंधि उचित उदाहरणों की तालिका बनाकर अन्य वचन में लिखने के लिए कहना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 15 | लिंग से संबंधित शब्दों का परिचय प्राप्त करते हैं। | लिंग | **निम्नलिखित शब्दों के अन्य लिंग रूप लिखिए।**<br>माता, विद्यार्थी, आदमी, बहन, देव, नौकर, मोर, स्त्री, मालकिन, बालक, लड़का, दादी, अध्यापक, राजा, बादशाह, बेटा, लेखक, नायक, चाचा आदि।<br>**भाषा कौशल:-**लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. विषय ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | **अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ क्रिया-कलाप में दिये गए उदाहरणों के अलावा और अधिक अन्य लिंग से संबंधित शब्दों की तालिका बनाइए। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 16 | संज्ञा से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हैं। | संज्ञा | संज्ञा से संबंधित चार्ट बनाकर पढ़ना। (चार्ट के अंतर्गत शीर्षक को इस प्रकार रख सकते हैं)<br>जैसे :<br>१. संज्ञा का अर्थ<br>२. संज्ञा की परिभाषा<br>३. संज्ञा के भेद<br>**भाषा कौशल:-**पढ़ना, लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. विषय ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेकन ४. समग्र प्रस्तुती | • सभी छात्रों को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्ररित करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• संज्ञा के भेदों से संबंधित उदाहरण शब्दों की तालिका बनाना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 17 | कविता का सस्वर गायन करते हैं। | कविता गायन | कविता गायन<br>छात्र अपने पसंद की किसी भी कविता का चयन कर उसे गाने के रूप में प्रस्तुत करेंगे।<br>**भाषा कौशल:-**पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. कविता का चयन<br>३. सस्वर गायन ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ संदर्भानुसार छात्रों का मार्गदर्शन करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ सभी छात्रों को सामूहिक गायन में भाग लेने के लिए प्रेरित करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 18 | कविता में निहित भावों को अपने शब्दों में बताते हैं। | कविता का भावार्थ | कविता का भावार्थ<br>छात्र अपने पसंद की किसी भी कविता का चयन कर उसके भावार्थ को अपने शब्दों में बताते हैं।<br><br>**भाषा कौशल:-**बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. विषय ज्ञान<br>३. भाषा ज्ञान ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु छात्रों को प्रेरित करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ सभी छात्रों को अपने पसंद के कविता के भावार्थ को लिखकर प्रस्तुत करने के लिए कहना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 19 | लोककथा को पढ़कर उसके सारांश को प्रस्तुत करते हैं। | लोककथा सार | लोककथा प्रस्तुतीकरण<br>* छात्र अपने पसंद की किसी भी लोककथा का चयन कर उसे पढ़ेंगे।<br>* पढ़ी हुई कथा को समझकर उसके सारांश को लेखन के द्वारा प्रस्तुत करेंगे।<br>**भाषा कौशल:-**लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. उत्साह<br>३. पात्रों का चयन ४. समग्र प्रस्तुती | **अतिरिक्त गतिविधि**<br>• छात्रों को अपने पसंद की किसी भी कहानी के सारांश को चार्ट पर लिखकर लाने के लिए कहना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 20 | कहानी में निहित शब्द भंडार से परिचय प्राप्त करते हैं। | कहानी में निहित शब्द भंडार | ❖ छात्र अपने पसंद की किसी भी कहानी को चुनकर उसमें आनेवाले १० नये शब्दों की सूचि बनायेंगे।<br>❖ शब्दकोश की सहायता से उन शब्दों के अर्थ को लिखकर उसका वाचन करेंगे<br>**भाषा कौशल:**-लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. शब्द ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ छात्रों को शब्दकोश के प्रयोग के बारे में उचित मर्गदर्शन दें।<br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ नये शब्दों का चार्ट बनाकर प्रस्तुत करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 21 | व्यक्ति परिचय विधा से परिचित होते हैं। | व्यक्ति परिचय | ❖ छात्र ५ -१० प्रश्नों की सूचि तैयार कर एक-दूसरे से पूछेंगे। प्राप्त उत्तर के आधार पर दूसरे का परिचय देंगे।<br>जैसे : १. आपका नाम क्या है?<br>२. आप कहाँ से आये हैं?<br>३. आपका प्रिय विषय कौनसा है?<br>**भाषा कौशल:**-बोलना, सुनना, लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. प्रश्नों का चयन<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | **अतिरिक्त गतिविधि**<br>• एक-दूसरे का परिचय प्राप्त कर उससे संबंधित जानकारी का चार्ट बनाना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 22 | दोहे का गायन करते हैं। | दोहे का गायन | दोहा गायन<br>छात्र अपने पसंद के किसी भी दोहे का चयन कर उसे गाने के रूप में प्रस्तुत करेंगे।<br>जैसे :<br>कबीर के दोहे, तुलसी के दोहे, रहीम के दोहे आदि।<br>**भाषा कौशल:-**पढ़ना, बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. दोहे का चयन<br>३. दोहा गायन ४. समग्र प्रस्तुती | • अध्यापक 'दोहा' छंद से संबंधित जानकारी देने का प्रयास करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• किसी दोहे का चयन कर उसका सामूहिक गायन करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 23 | दोहे के भावार्थ को समझकर अभिव्यक्त करते हैं। | दोहे का भावार्थ | * छात्र किसी दोहे का चयन कर उससे संबंधित भावार्थ को लिखेंगे।<br>* लिखे हुए भावार्थ को पढ़कर प्रस्तुत करेंगे।<br>जैसे :<br>कबीर के दोहे, तुलसी के दोहे, रहीम के दोहे आदि।<br>**भाषा कौशल**:-सुनना, बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. शब्द ज्ञान<br>३. अभिव्यक्ति ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ छात्रों को क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• दोहे के भावार्थ से संबंधित चार्ट बनाकर प्रस्तुत करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 24 | संवाद में भाग लेकर अपने विचारों को प्रकट<br>करते हैं। | संवाद | *अध्यापक अपनी कक्षा के अनुरूप छात्रों को टोलियों में बाँटकर किसी विषय का चयन करने के लिए कहतेहैं। जैसे : संतुलित आहार, हमारा पर्यावरण आदि।<br>*टोली के सभी छात्र बारी-बारी से अपने विषय से संबंधित बातचीत करते हैं।<br>**भाषा कौशल:**-सुनना, बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. विषय ज्ञान<br>३. अभिव्यक्ति ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ क्रिया-कलाप में भाग लेने हेतु छात्रों को प्रेरित करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• संवाद में हुई बातचीत का रपट तैयार करें। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 25 | जीवनी को सुनकर समझते हैं। | जीवनी | ❖ अध्यापक छात्रों को आडियो/ विडियो या स्वयं किसी साधक की जीवनी को सुनायेंगे। जैसे : १. तिम्मक्का, स्वामी विवेकानंद, अब्दुल कलाम, गौतम बुध्द आदि।<br>❖ छात्र जीवनी को सुनकर अपने शब्दों में व्यक्त करेंगे।<br>**भाषा कौशल**:-सुनना, बोलना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. पात्र का चयन<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | • अध्यापक 'जीवनी' विधा से संबंधित जानकारी देने का प्रयास करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• किसी जीवनी को पढ़कर प्रमुख घटनाओं का चार्ट बनाना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 26 | अनुवाद लेखन कला से परिचित होते हैं। | अनुवाद लेखन | अध्यापक छात्रों के लिए अनुवाद करने योग्य पंक्तियों को श्यामपट पर लिखेंगे। छात्र उन पंक्तियों का अनुवाद अपनी प्रथम भाषा में लिखकर प्रस्तुत करेंगे।<br><br>**भाषा कौशल:-**लिखना, पढ़ना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. भाषा ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ संदर्भानुसार छात्रों का मार्गदर्शन करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>• किसी गद्य के एक परिच्छेद का अनुवाद कर प्रस्तुत करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 27<br>और<br>29 | पत्र लेखन से संबंधित सोपानों का परिचय प्राप्त करते हैं। | पत्र लेखन | अध्यापक पत्र लेखन से संबंधित सोपानों की अलग-अलग पर्ची बनाकर तैयार रखेंगे। छात्र किसी एक पर्ची का चयन कर संबंधित सोपान का विवरण देते हुए श्यामपट पर लिखेंगे।<br>**भाषा कौशल:-**पढ़ना, लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. सहभागिता २. सोपानों का ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ संदर्भानुसार छात्रों का मार्गदर्शन करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ औपचारिक तथा अनौपचारिक पत्रलेखन से संबंधित सोपानों को लिखकर प्रस्तुत करना। |

| दिवस | अपेक्षित अधिगम संप्राप्ति | अधिगम अंश | सलहात्मक गतिविधियाँ | गतिविधि निर्वाह के निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 29<br>**और**<br>30 | निबंध लेखन कला से परिचित होते हैं। | निबंध लेखन | **निबंध लेखन का अभ्यास ।**<br>**1. मेरा गाँव**<br>अ. प्रस्तावना आ. गाँव का परिचय<br>इ. गाँव के त्योहार ई. उपसंहार<br>**2. मेरी पाठशाला**<br>अ. प्रस्तावना आ. पाठशाला का परिचय<br>इ. मेरी कक्षा ई. उपसंहार<br>**भाषा कौशल:**-लिखना<br>**मूल्यांकन के आधार बिंदु-**<br>१. उत्साह २. विषय ज्ञान<br>३. स्पष्ट लेखन ४. समग्र प्रस्तुती | ▪ सभी छात्रों को क्रिया-कलाप में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।<br><br>**अतिरिक्त गतिविधि**<br>▪ पर्यावरण प्रदूषण, जनसंख्या की समस्या तथा मेरा प्रिय खेल जैसे विषयों पर निबंध लेखन का अभ्यास करें। |